तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर विभिन्न स्थानों में विधिक ...





14 कलेक्टर ने नवागढ़ में आयोजित होने वाले राज्य




## खबर संक्षेप

### मकान से 80 हजार का सामान पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** उपचार कराने अस्पताल गए परिजनों के मकान का ताला टूटा। अज्ञात ने मकान से नगदी सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 40 दुर्गा मंदिर शंकर नगर छावनी बस्ती निवासी पुरेन्द्र कुमार साहू क्रेन आपरेटर का काम करता है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत उपचार कारने एम्स अस्पताल रायपुर गया था। पडोसीयो ने मकान में चोरी होने की सूचना देने पर मकान में वापस लौटे तो गेट का ताला टुटा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरता नगदी 20 हजरा रुपए, एक्टीवा सीजी 07 सीजी 6923 का आरसी बुक समेत जरुरी दस्वेज गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि डिलवरी कोरियर ऑफिसर विशाल टोप्पो का भाई विकास छगआई अस्पताल रायपुर में गार्ड का काम करता था। रोज की तरह अपनी बाइक सीजी 07 बीएल 9430 में काम पर गया था। घर वापस लौटते समय दुर्गा नगर आ रहा था। तभी खुडमुडा रोड के पास अज्ञात ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में विकास टोप्पों के सिर, दोनों हाथ, पैर में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए उसे अस्पताल पाटन पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर चेक करने पर विकास को मृत घोषित कर दिया।

### शादी समारोह में बड़े भाई को मारा चाकू, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी समारोह में दो भाईयों के बीच जमकर विवाद हुआ। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को छावनी के कैंप-2 के मोची मोहल्ले में मामूली विवाद के कारण छोटे भाई अजय कोलते ने नशे की हालत में अपने बड़े भाई विजय कोलते को समारोह के बीच में चाकू से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिससे बड़ा भाई मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। घटना में चाकू के वार से विजय के पेट से आंतें बाहर आ गई थीं, जिसे देख लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया है। फिलहाल विजय का उपचार जारी है। शिकायत के बाद पुलिस ने अजय कोलते को हिरासत में लिया। छावनी पुलिस घटना को लेकर जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि आपसी पारिवारिक विवाद और शराब के नशे से जुड़ा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पटवारी के मकान से लाखों के जेवरात पार

**भिलाई।** पटवारी के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया हगै। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 30 सड़क 9 सरस्वती कुंज निवासी हेमंत कुमार राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर गुण्डरदेही में कार्यरत है। मकान में ताला जड़कर 21 दिसंबर को पैतृक ग्राम खम्हारटोला दल्ली राजहरा और पत्नि सोनम मायके धनोरा गई थी। दूसरे दिन सुबह मकान में लौटने पर देखा गया सामने गेट का ताला लगा हुआ था। भीतर मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पडा मिला। अज्ञात ने मकान ताला तोड़कर आलमारी से सोना चांदी के जेवरता गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर सामान की कोई जानकारी नहीं हो पाई।

# सोंढ़ सोसायटी में किसानों का हल्लाबोल, खरीदी केंद्र में तालाबंदी

## सोंढ़ सेवा सहकारी समिति में किसानों ने ताला जड़कर खरीदी प्रक्रिया ठप की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन और दिया सोमवार तक अल्टीमेटम

छत्तीसगढ़ शासन की धान खरीदी व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड अंतर्गत सोंढ़ सेवा सहकारी समिति में शुक्रवार को धान खरीदी की कम लिमिट से नाराज़ सैकड़ों किसानों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित किसानों ने खरीदी केंद्र के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया, जिससे लगभग एक घंटे तक धान की तौल और खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह ठप रही। सुबह से ही किसान अपनी उपज लेकर केंद्र पहुंचे थे, लेकिन जैसे ही पोर्टल पर रकबे के अनुसार वास्तविक उत्पादन से कम लिमिट दर्शाई गई, किसानों का सब्र टूट गया। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा तय की गई लिमिट जमीन पर हो रहे उत्पादन से मेल नहीं खा रही, जिससे उनका धान बेच पाना मुश्किल हो गया है। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब लंबे समय तक कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने किसानों के आक्रोश को और भड़का दिया। गुस्साए किसानों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र में तालाबंदी कर दी और धान तौल पूरी तरह रोक दी।



### तत्काल सत्यापन और सुधार की हुई मांग

हालात बिगड़ते देख अंततः समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष, समिति प्रबंधक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। काफी मान-मनौव्वल और किसानों की मांगों को कलेक्टर तक लिखित रूप से पहुंचाने के आश्वासन के बाद किसानों ने ताला खोला, तब जाकर खरीदी दोबारा शुरू हो सकी। इस दौरान किसानों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट मांग की है कि धान खरीदी की लिमिट को तत्काल वास्तविक रकबे और उत्पादन के अनुसार बढ़ाया जाए,जिन किसानों के पोर्टल डेटा में गड़बड़ी है, उनका तत्काल सत्यापन और सुधार किया जाए। इसके साथ ही किसानों ने प्रशासन को सोमवार तक का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का ठोस समाधान नहीं हुआ, तो दोबारा तालाबंदी की जाएगी। अगली बार यह आंदोलन अनिश्चितकालीन होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। हालांकि फिलहाल सोंढ़ सोसायटी में धान खरीदी फिर से शुरू हो गई है, लेकिन किसानों में नाराजगी बनी हुई है। जिले के अन्य खरीदी केंद्रों से भी ऐसी ही विसंगतियों की शिकायतें सामने आ रही हैं। समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो यह आंदोलन जिलेभर में फैल सकता है।

## विरोध : कांकेर घटना को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# धर्मांतरण के विरोध में हिंदूवादी संगठन ने दिया धरना, जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांकेर जिले में सामने आई कथित धर्मांतरण की घटना ओर उपजे विवाद पर हिंदूवादी संगठनों और भाजपा से जुड़े नेताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला। धरना-प्रदर्शन के दौरान आयोजित सभा को नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,नारद साहू , रीना देवी साहू सहित अन्य ने संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में विशेषकर जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित ढंग से धर्मांतरण की कोशिशें की जा रही हैं, जो सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रलोभन, दबाव और भय के जरिए भोले-भाले ग्रामीणों की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**प्रलोभन और दबाव के जरिए लोगों की आस्था से खिलवाड़:सिन्हा:** प्रमुख वक्ताओं के तौर पर मौजूद ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा ने कांकेर जिले की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मामला केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए चेतावनी है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा प्रलोभन और दबाव के जरिए लोगों की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिस पर तत्काल सख्त कार्रवाई आवश्यक है।




### ज्ञापन में रखी गईं 5 सूत्रीय प्रमुख मांगें

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में हिंदूवादी संगठनों द्वारा निम्नलिखित पांच अहम मांगें रखी गईं जिनमें प्रदेश में लागू धर्मांतरण विरोधी कानून को और अधिक सख्ती व प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। कांकेर जिले में हुई कथित घटना की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जनजातीय एवं ग्रामीण इलाकों में सक्रिय मिशनरी व संदिग्ध संगठनों की गतिविधियों की गहन जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले में प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षा, न्याय एवं पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस नीति बनाई जाए।

### बंद का आह्वान रहा बेअसर बाजार खुले रहे

कथित धर्मांतरण के विरोध में हिंदूवादी संगठनों द्वारा किए गए प्रदेश बंद के आह्वान का जमीन पर कोई खास असर नजर नहीं आया। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहीं। बाजारों में रौनक बनी रही और यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह सामान्य रही। बंद का असर केवल धरना-प्रदर्शन तक सीमित रहा। आम नागरिकों ने बंद से दूरी बनाए रखी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि प्रदेश बंद का आह्वान संगठनात्मक दायरे से बाहर प्रभाव नहीं डाल सका और पूरी तरह बेअसर साबित हुआ। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से गंगाधर यादव,नारद साहू ,होरीलाल सिन्हा ,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पंडित आशीष तिवारी ,आदित्य सिंह राजपूत ,पोषण वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रनीश रजक,राजकुमार चौहान, डॉ, लालाराम साहू केशव साहू बृजेश शर्मा परमेश्वर वर्मा रीना साहू, जितेंद्र यदु, प्रकाश साहू, प्रितपाल सिंह छाबड़ा,तुलसी चंदवानी, मोहनदास, दोवेंद्र साहू वैष्णव,जितेंद्र शुक्ला, कुंज बिहारी साहू, शिव साहू आदि उपस्थित रहे।

# एटीएम काटकर चोरी की साजिश हुई थी नाकाम, साइबर सेल की बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- तीन थाना क्षेत्रों में वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार



जिले में एटीएम मशीनों को गैस कटर से काटकर चोरी करने के प्रयास के तीन मामलों में साइबर सेल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने थाना बेमेतरा, नवागढ़ एवं दाढ़ी क्षेत्र में हुई घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त गैस कटर, ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, सब्बल, मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियों ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में यह वारदात की थी ।

पुलिस के अनुसार पहला मामला थाना दाढ़ी क्षेत्र का है, जहां 12-13 सितंबर 2025 की दरम्यानी रात ग्राम छिरहा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में अज्ञात आरोपी द्वारा गैस कटर से एटीएम काटने का प्रयास किया गया तथा यूपीएस मशीन चोरी कर ली गई। इस संबंध में बैंक प्रबंधक सरोज हेम्ब्रोम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। दूसरा मामला थाना बेमेतरा क्षेत्र के ग्राम कठिया का है, जहां 26 नवंबर 2025 की रात एटीएम मशीन के हुड लॉक, मेन सेफ लॉक, कैमरे एवं बैक डोर को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया। हालांकि आरोपी नकदी चोरी करने में सफल नहीं हो सका। इस प्रकरण में एटीएम एजेंसी प्रतिनिधि अजय कुमार नाहक की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया।

तीसरी वारदात की घटना थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम अंधियारखोर की है, जहां 18-19 दिसंबर 2025 की रात इंडिया नंबर-01 एटीएम में घुसकर गैस वेल्डिंग/कटर मशीन से एटीएम काटने का प्रयास किया गया। इस मामले में एटीएम संचालक बलजीत सिंह गांधी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### पुखराज साहू से की गई पूछताछ

सभी मामलों की विवेचना के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर ग्राम खाम्ही निवासी पुखराज साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने तीनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह ऑनलाइन कलर ट्रेडिंग ▶▶| शेष पेज 13 पर

# डेढ़ साल से फरार करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- तीन अलग-अलग शिकायतों से परत-दर-परत खुला करोड़ों की ठगी का खेल

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने करोड़ों रुपये की जमीन बिक्री कर धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे आरोपी आशुतोष पाण्डेय को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार आरोपी आशुतोष पाण्डेय द्वारा विवादित और न्यायालय में लंबित कृषि भूमि को "विवाद रहित" बताकर अलग-अलग लोगों को बेचा गया और नगद व चेक के माध्यम से भारी रकम वसूली गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आशुतोष पाण्डेय ने सुनियोजित तरीके से एक ही ग्राम और एक ही राजस्व रिकॉर्ड की विवादित कृषि भूमि को अलग-अलग व्यक्तियों को अलग-अलग समय पर बेचकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपी ने जमीन को पूरी तरह विवाद रहित बताते हुए सौदे किए, जबकि हकीकत में वह भूमि पहले से ही न्यायालय में लंबित थी। 31 जुलाई 2024 को एक ही दिन में दर्ज हुई तीन अलग-अलग शिकायतों ने इस पूरे जमीन घोटाले की परतें खोल दीं,पहली शिकायत निहाल सिंह, निवासी भैसामुडा, जिला रायपुर द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि ग्राम मोहरेंगा स्थित खसरा नंबर 788, रकबा 1.95 हेक्टेयर भूमि को 10 लाख 30 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से सौदा कर आरोपी द्वारा नगद व चेक के माध्यम से 49 लाख 54 हजार 300 रुपये प्राप्त किए गए। इसी तरह उसी खसरे की एक और भूमि अपने भाई के नाम पर दिखाकर उससे भी 49 लाख 30 हजार 300 रुपये की रकम ली गई। दूसरी शिकायत ज्योति सिंह वर्मा, निवासी भैसामुडा द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसी खसरा नंबर 788, रकबा 1.94 हेक्टेयर भूमि को विवाद रहित बताकर 49 लाख 30 हजार 300 रुपये में बेचा। जब शिकायतकर्ता ने मौके पर जाकर जमीन की स्थिति देखी तो वह भूमि न्यायालयीन विवाद में फंसी पाई गई। तीसरी शिकायत ने इस पूरे मामले को करोड़ों के घोटाले में तब्दील कर दिया। सुधीर कुमार बंछोर, निवासी रायपुर ने पुलिस को बताया कि 19 जनवरी 2024 को आरोपी ने ग्राम ▶▶| शेष पेज 13 पर

### धोखाधड़ी का अपराध दर्ज, आरोपी था फरार, भेजा गया जेल

प्रकरण में पुलिस द्वारा धारा 420 व 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। लेकिन आरोपी डेढ़ वर्ष से फरार था। 23 दिसंबर 2025 को पुलिस ने आरोपी आशुतोष पाण्डेय को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह भूमि के विवादित होने की जानकारी होने के बावजूद उसे बेचता रहा। आरोपी आशुतोष पाण्डेय पिता सुरेन्द्र पाण्डेय, उम्र 36 वर्ष, निवासी मोहरेंगा, थाना बेमेतरा (हाल पता भिलाई-3) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# सुशासन दिवस पर जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन दिवस 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा एक विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन आज 25 दिसंबर किया जा रहा है। यह शिविर अटल परिसर, सिग्नल चौक के पास में प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से नगर पालिका परिषद से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में नल कनेक्शन से संबंधित आवेदन, राशन कार्ड से जुड़े कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवेदन, तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से संबंधित आवेदन एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आमजन तक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने लंबित आवेदनों का निराकरण कराएं। उक्त शिविर सुशासन की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आम नागरिकों को सीधे लाभ प्राप्त होगा।

# 46 कट्टी धान चोरी प्रकरण में 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 31 कट्टी धान व चोरी में प्रयुक्त वाहन जप्त, एक आरोपी फरार



जिले के थाना थान खम्हरिया पुलिस ने धान चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं दो विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया धान एवं घटना में प्रयुक्त वाहन भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 22 दिसंबर प्रार्थी हेमंत सिंह राजपूत (42 वर्ष), निवासी ग्राम उमरावनगर, थाना थान खम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने अपनी वर्ष 2025 की धान फसल को कुटाई-मिजाई कर जूट की बोरियों में भरकर कुल 253 कट्टी धान अपने कोठार में सुरक्षित रखा था। जब बोरियों की गिनती की गई तो 46 कट्टी धान गायब पाए गए।

चोरी गए धान की मात्रा लगभग 18 क्विंटल, जिसकी कीमत करीब 49,500 रुपये आंकी गई। पुलिस ने प्रकरण में धारा 303(2), 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को मिली नई ऊर्जा

# नवागढ़ में बाल विवाह व मानव तस्करी के विरुद्ध सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग ने जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ" अभियान को सुदृढ़ करना, महिलाओं एवं बच्चों के अनैतिक व्यापार/मानव तस्करी की रोकथाम करना तथा "बाल विवाह मुक्त बेमेतरा" की दिशा में समाज को जागरूक और संगठित करना रहा।

इस अवसर पर दयाल दास बघेलमंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,महिला समूह की महिलाओं को बाल विवाह, मानव तस्करी एवं महिलाओं- बच्चों के शोषण के विरुद्ध शपथ दिलाई । खाद्य मंत्री मंत्री श्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब बेटियों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त वातावरण मिले। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह या मानव तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति सजग रहें तथा ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर सूचना मिलने से इन अनैतिक कृत्यों को रोका जा सकता है और कई मासूम जिंदगियों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है।



**निरंतर जागरूकता और सहयोग का लिया संकल्प :** कार्यक्रम के दौरान अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह या मानव तस्करी की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर सूचना अवश्य दें। यह नागरिक सहभागिता ही समाज को सुरक्षित और संवेदनशील बनाने की सबसे बड़ी ताकत है। इस कार्यक्रम में मंत्री के साथ विकासखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं मिशन शक्ति/सशक्तिकरण हब की टीम उपस्थित रही। साथ ही नवागढ़, नांदघाट, खंडसरा एवं बेमेतरा के परियोजना अधिकारी/प्रभारी परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का समापन सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने बाल विवाह एवं मानव तस्करी के उन्मूलन हेतु निरंतर जागरूकता और सहयोग का संकल्प लिया। यह आयोजन जिले में महिला एवं बाल संरक्षण की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायी पहल के रूप में सराहा गया।

# सांसद खेल उत्सव में 4.98 लाख खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन, यह देश में सबसे अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सांसद खेल महोत्सव अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के युवाओं को खेल का बड़ा मंच देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है, जिसमें दुर्ग लोकसभा पूरे देश में शीर्ष स्थान पर रही है।

सांसद विजय बघेल के अनुसार दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कुल 4 लाख 98 हजार 2 युवा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। यह संख्या पूरे भारत में सबसे अधिक है। प्रतियोगिताएं तीन चरणों में पूरी हो चुकी हैं और अब चौथे व अंतिम चरण, यानी लोकसभा स्तरीय फाइनल में 1569 खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। इन खिलाड़ियों का नेतृत्व उनके-अपने क्षेत्र के विधायक करेंगे। सांसद ने बताया कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ओलंपिक की तर्ज पर ठहरने, भोजन और आवागमन की पूरी व्यवस्था की गई है। भिलाई के सेक्टर 8, सेक्टर 10, सेक्टर 6, सेक्टर 4, हुडको और अन्य क्षेत्रों के कुल आठ स्कूलों में खिलाड़ियों और सहयोगियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रोटीन युक्त आहार, सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। ठहरने के स्थान से खेल मैदान तक आने-जाने की व्यवस्था भी की गई है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि इस सफलता का मुख्य कारण रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल बनाना रहा। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया, जिससे खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। पहले चरण में पंचायत और वार्ड स्तर पर 3 लाख 86 हजार 765 खिलाड़ी, दूसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर 1 लाख 6 हजार 720 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन की शुरुआत 298 किलोमीटर लंबी मशाल यात्रा से की गई, जिसमें सभी विधायक और कार्यकर्ता शामिल रहे। यह मशाल यात्रा पूरे देश में अपनी तरह की अनोखी पहल रही। इसके बाद सांसद ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

## अंतिम चरण में सांसद खेल महोत्सव का समापन आज



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा खिलाड़ियों को करेंगे संबोधित

सांसद खेल महोत्सव का समापन 24 दिसंबर को भिलाई सेक्टर-7 मैदान में होगा। 25 दिसंबर सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव होकर देशभर के युवा खिलाड़ियों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी और भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी एवं डीएसपी सबा अंजुम भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। 25 दिसंबर की शाम रंगारंग समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और विजेता विधायक को सांसद ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीएम करें पहल : अरुण



**भिलाई।** भिलाई को बिकने नहीं देंगे अभियान को लेकर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के सिविकसेंटर में चल रहे सत्याग्रह का समर्थन करते हुए कहा है कि मैंने सीएम व पीएम से मांग की है कि तत्काल भिलाई को बचाने तत्काल बीएसपी प्रबंधन को निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर नौ हास्पिटल, मैत्रीबाग व स्कूलों व रिटेंशन स्कीम जनहित के मुद्दे हैं। भिलाई को बिकने से बचाने से लाखों लोगों की आजीविका बचेगी। निजीकरण से हजारों लोग बेकार हो जाएंगे। अनशन के चार दिन बाद भी चर्चा की पहल नहीं होना चिंता व असंतोष की बात है।

### आईजी ने किया भूमिपूजन



**भिलाई।** अपराधों के रोकथाम के लिए और विवेचना, अन्य विषयों पर ट्रेनिंग आयोजित होने से पुलिस की दक्षता बढ़ेगी। महिला थाना सेक्टर 6 के बाजू में रेंज साइबर थाना, साइबर ट्रेनिंग सेंटर भवन के लिए आईजी रामगोपाल गर्ग व एसएसपी विजय अग्रवाल ने भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में एएसपी सुखनंनदन राठौर, आयूसीएडब्ल्यू पद्मश्री तंवर ),डीएसपी चंद्र प्रकाश तिवारी निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, पुष्पेंद्र भट्ट, साइबर रेंज थाना प्रभारी संकल्प राय उप निरीक्षक, उप निरीक्षक महिला थाना प्रभारी नीता राजपूत समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### जेवरात पार करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** ज्वेलरी दुकान चोरी मामले में पुलिस ने एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि महावीर कालोनी दुर्ग निवासी सुजल जैन का कृष्णा टाकिज रोड रिसाली मे उपहार ज्वलेर्स के नाम से दुकान है। जहां पर अज्ञात महिला पहुंची और टाप्स दिखाने की मांग किया। जब पीड़ित अन्य काम में व्यस्थ हुआ तो महिला सोने का जेवरात लेकर फरार हो गई। जिसकी कीमत पैतालीस हजार रुपए आंकी गई है। सूचना पर नेवई पुलिस पहुंची और सीसी कैमरे को चेक करने पर चोरी करने वाली महिला को देखा गया। खोजबीन करने पर ग्राम खोला थाना आर जामगांव हाल मुकाम-रिसाली सेक्टर भिलाई निवासी संगीता कोठारी के रूप शिनाख्त हो पाया। महिला को बैगनी रंग का स्कूटी सीजी 07 बी व्ही 6149 में देखा गया। पूछताछ करने पर महिला ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## हिंसक घटनाओं और दीपू चंद्र दास की जघन्य हत्या के विरोध में आक्रोश

# बांग्लादेश में मॉबलिंचिंग, मोहम्मद यूनुस और बांग्लादेशी झंडे का फूंका गया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार सामने आ रही हिंसक घटनाओं, नरसंहार और दीपू चंद्र दास की जघन्य हत्या के विरोध में देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में हिंदू युवा मंच के नेतृत्व में दुर्ग के पटेल चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रमुख मोहम्मद युनुस और बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। हिन्दू युवा मंच के प्रमुख गोविंद राज नायडू ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताते हुए कड़ी निंदा की। इस दौरान दीप जलाकर पुष्प चढ़ा कर बांग्लादेशी हिंदू नरसंहार में मारे गए सभी हिंदुओं को श्रद्धांजलि भी दी गई। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या बंद करो, दीपू चंद्र दास को न्याय दो और भारत सरकार हस्तक्षेप करे जैसे नारे लगाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान हिन्दू युवा मंच के प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, राजेश शर्मा प्रदेश महामंत्री, कुमार नायर प्रदेश अध्यक्ष, अरुण सिंह, दिनेश मिश्रा, अरुण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

**अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग:** हिंदू युवा मंच ने भारत सरकार से मांग की कि वह बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ठोस और निर्णायक पहल करे। संगठन का कहना है कि बांग्लादेश में लगातार हो रही हिंसक घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वहां हिंदू समुदाय स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हिन्दू युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं तीव्र रूप ले सकता है।

### हिन्दू संगठनों ने की सुरक्षा की मांग



### मजदूर की मौत पर बीजेएमटीयूसी ने किया अंतिम सांस तक संघर्ष का ऐलान



**भिलाई।** केरल के पलक्कड़ जिले में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले की सक्ती तहसील अंतर्गत करही गांव निवासी मजदूर रामनारायण बघेल (31) की बेरहमी से की गई हत्या ने पूरे मजदूर समाज को झकझोर कर रख दिया है। चोरी के संदेह में बांग्लादेशी समझकर सैकड़ों लोगों द्वारा की गई मॉब लिंचिंग में रामनारायण की जान चली गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के शरीर पर 80 से अधिक गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जो घटना की क्रूरता को साफ उजागर करते हैं। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल बीजेएमटीयूसी के राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश यादव ने इस जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे मजदूर वर्ग पर हमला है। उन्होंने कहा कि बीजेएमटीयूसी इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेगी। रामनारायण बघेल रोजी-रोटी कमाने और अपने अधूरे घर को पूरा करने का सपना लेकर केरल गया था, लेकिन वहां उसे अमानवीय हिंसा का शिकार होना पड़ा। इस घटना के बाद प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। डॉ. जय प्रकाश यादव ने कहा कि रामनारायण की कमाई से उसका परिवार चल रहा था और उसका भविष्य बन रहा था। उसकी निर्मम हत्या ने मजदूर समाज को गहरे सदमे में डाल दिया है। संगठन ने सभी दोषियों को फांसी की सजा देने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही केरल सरकार से विशेष जांच दल गठित कर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने तथा छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# निगम परिसर में शासकीय योजनाओं का शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारत सरकार द्वारा 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, जोन 5 अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उपायुक्त दिनेश कोशरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह का शपथ दिलाई।

- जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह की शपथ दिलाई

शासन के आदेशानुसार निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में जन समस्या निवारण शिविर में 11 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, 2 आवेदन राष्ट्रीय पेंशन योजना, 3 आवेदन राशन कार्ड, 4 आवेदन राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, 8 आवेदन सड़क नाली निर्माण, 7 आवेदन पेयजल विस्तार, 8 आवेदन स्ट्रीट लाईट, उज्जवला योजना, हेल्प डेस्क, अनुज्ञप्ति लाईसेंस, नामांतरण फ्री होल्ड लीज होल्ड एवं अन्य योजना के 29 आवेदन इस प्रकार कुल 72 आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही वाहन चालकों के लिए परिवहन विभाग से ड्राईविंग लाईसेंस का स्टाल रखा गया था। नागरिक शिविर में उपस्थित होकर अपनी आवश्यकता अनुसार योजना के काउंटर पर जाकर पूछताछ कर अपने समस्या से संबंधित आवेदन फार्म जमा किये हैं। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी विभाग से संबंधित जमा किये गये आवेदनों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

# सेफ्टी क्विज से सुरक्षा के प्रति कर रहे जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक टी बैठा सहित एसएमएस- 3 के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, सहयोगी संस्थाओं के साइट उपस्थित थे।

सप्ताह भर फोकस्ड प्रशिक्षण सत्रों एवं इंटरैक्टिव चर्चाओं का आयोजन किया गया, जिनमें अग्नि सुरक्षा गैस सेफ्टी, फर्स्ट एड, ह्यूमन फैक्टर, डिफेंसिव ड्राइविंग, विद्युत सुरक्षा, एचआईआरएजेएसए, एनर्जी आइसोलेशन, स्ट्रेस मैनेजमेंट, महिलाओं के लिए नियर मिस रिपोर्टिंग तथा सेफ्टी क्विज आदि को शामिल किया गया। सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा सेफ्टी स्टॉल का उद्घाटन किया गया। सीजीएम तापस दासगुप्ता, बीके बेहरा, तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी, प्रमोद कुमार, पीआर भल्ला, आई. सेनगुप्ता, एचके सचदेव, महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल तथा सीजीएम टी बैठा आदि अधिकारी उपस्थित थे।



## नकटा तालाब में अवैध कब्जों का जारी है सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड 22 कुरूद स्थित नकटा तालाब अवैध कब्जाधारियों का भेंट चढ़ता जा रहा है। कार्रवाई को लेकर उदासीनता के चलते अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद है। जोन-2 अंतर्गत स्थित नकटा तालाब में नगर निगम भिलाई के उदासीनता के चलते लगातार अवैध कब्जे हो रहे हैं। निगम द्वारा करीब डेढ़ साल पहले अवैध कब्जों पर कार्रवाई की गई थी, उसके बाद सुध लेने वाला कोई नहीं। आसपास के लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा अवैध कब्जों को सालों पहले ढहाया गया था। वर्तमान में फिर से कब्जा होने लगा है। कब्जाधारियों द्वारा पहले टेंट लगाया जाता है फिर कुछ दिन बाद पक्का निर्माण कर लिया जाता है। जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

# धर्मांतरण, हमले और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ आज छत्तीसगढ़ बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने दिया बंद को पूर्ण समर्थन

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा चेम्बर कार्यालय में अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में व्यापारिक संगठनों और चेम्बर पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें भिलाई चेम्बर ने सर्व समिति के द्वारा आयोजित बंद को समर्थन दिया है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैये पर गहरा रोष व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ द्वारा 24 दिसंबर को आहूत छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन में चेम्बर ने सभी बाजारों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किये जो सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान 2 बजे तक बंद रखने का आह्वान करेंगे। बैठक की शुरुआत में चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि आमाबेड़ा की हृदयविदारक घटना प्रदेश के आदिवासी एवं अन्य समाजों के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए चेम्बर इस बंद का पुरजोर समर्थन करता है।

अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि बंद को इतना सुनियोजित रखा जाएगा कि ट्रांसपोर्टेशन और कच्चे माल के व्यापारियों को कम से कम आर्थिक नुकसान हो। अजय भसीन ने स्पष्ट किया कि बंद के दौरान मेडिकल स्टोर्स और पेट्रोल पंप खुले रहेंगे ताकि मरीजों और अति-आवश्यक यातायात में कोई बाधा न आए। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केवल व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वान किया गया है। जवाहर मार्केट व सर्कुलर मार्केट क्षेत्र में शिव राज शर्मा, विजय गुप्ता,निरंकार सिंह लिंक रोड में चिन्ना राव , प्रेम रतन गहलोत, सुपेला क्षेत्र में विनय सिंह, दर्शन खटवानी, राकेश मल्होत्रा,राहुल चेलानी, नेहरू नगर , स्मृति नगर क्षेत्र में रॉकी अग्रवाल, सेक्टर क्षेत्र में नरेश वासवानी,उत्तमचंद जैन, भिलाई 3 क्षेत्र में अनिल जेठानी, शमन लाल नाथानी, सुषमा जेठानी , कुम्हारी में विशाल राठौर सभी बाजारों में जाकर व्यापारियों को बंद के समर्थन के लिए निवेदन करेंगे।

## 18 प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से किया गया सम्मानित

# किसानों के समर्थन में लगाई दौड़, रन फॉर फारमर्स में शामिल हुए 267 धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर मंगलवार को भिलाई में रन फॉर फार्मर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया है। धावला फाउंडेशन द्वारा 5 किमी क्रॉस-टाउनशिप रन का आयोजन हमारे समाज के सबसे योग्य सदस्यों-सीमांत किसानों की मदद करने की आवश्यकता के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के मूल उद्देश्य से किया गया था।

किसानों के समर्थन के लिए 5 किमी क्रॉस-टाउनशिप दौड़ का आयोजन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक क्रीड़ा परिसर, भिलाई होटल के सामने, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। धावकों की सभी समूहों और श्रेणियों में कुल 267 धावकों ने भाग लिया। भिलाई स्टील प्लांट के ईडी (एचआर) पवन कुमार ने इस रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ क्रीड़ा परिसर, सिविक सेंटर, भिलाई से शुरू हुई और रेल चौक, फिर सिविक सेंटर तिराहा, शहीद उद्यान से होते हुए जवाहर उद्यान चौक, फिर डीपीएस रिसाली चौक से होते हुए वापस क्रीड़ा परिसर में समाप्त हुई। विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि सभी धावकों को भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र दिया गया है। कुल 18 प्रतिभागियों को पदक प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम स्थल पर ट्रैक्टर एवं रन फॉर फार्मर स्टैन्डी के साथ सेल्फी प्वाइंट पर बड़ा आकर्षण रहा। सभी धावकों, प्रतिभागियों आदि ने प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेने का आनंद लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार बंछोर थे। इस दौरान अनीता झा ईडी व सीईओ ने मेहमानों, धावकों, इवेंट पार्टनर्स और अन्य प्रतिभागियों को धन्यवाद देकर समारोह का समापन किया।






### ये रहे विजेता

15 से 25 वर्ष में पुरुष वर्ग में प्रथम गोविन्द साहू, द्वितीय ऋषि कांत, तृतीय कपिञय कुमार, महिला वर्ग में वंदना , द्वितीय अंचल साहू और भूमि साहू तीसरे स्थान पर रहे। 26 से 50 वर्ष आयु पुरुष वर्ग में विवेक प्रसाद , द्वितीय युधिस्ठिर साहू, तृतीय आशुतोष कुमार बिन्द, महिला वर्ग में प्रथम मधु गेंड्रे, द्वितीय प्रियंका रहे, 51 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम बी आर नेताम, द्वितीय निरंजन साहू, तृतीय डी तेजा राव, उदय लाल बरही और श्याम सिंह रहे।

# ऑक्सीजन प्लांट-2 में आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में मंगलवार को 11.17 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों की आपसी तालमेल और क्रियान्वयन क्षमताओं की समीक्षा की गई। मॉक ड्रिल में दिखाय गया कि 11:17 बजे मॉक ड्रिल गतिविधि के अंतर्गत, यांत्रिक समूह के सात कर्मी तरल ऑक्सीजन टैंक-1 के लोंक्स पंप -3 के एसएस यूनियन से रिसाव की शिकायत पर ब्रेकडाउन अनुरक्षण कार्य के दौरान लोकल वाल्व बंद करने के पश्चात जब एसएस यूनियन को ढीला किया जा रहा था, तो फ्लैंज पैकिंग को क्षति पहुँची, जिससे अचानक और अनियंत्रित रूप से तरल ऑक्सीजन का रिसाव होने लगा। यांत्रिक कर्मचारियों ने तत्काल चेतावनी दी और पास में कार्यरत विद्युत कर्मियों ने घटना की सूचना ओपी-2 के शिफ्ट मैनेजर को दी। स्थिति का आकलन कर आपात प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए। सहायक प्रबंधक हेमंत कुमार अमरिया, जो घटनास्थल की निगरानी कर रहे थे, उन्होंने इंसिडेंट कंट्रोलर की इसके बाद तत्काल निकासी आदेश जारी किए गए।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर प्रांगण स्थित मैदान में नर्मदा क्रिकेट क्लब एवं युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ चकनार के सरपंच प्रतिनिधि लालचंद पटेल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, उपसरपंच भारती सोरी , अक्कू मिर्जा एवं गोपाल गोस्वामी के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं आयोजन को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

### प्राक्चयन परीक्षा रायपुर में 28 को

**राजनांदगांव।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 28 दिसम्बर को दोपहर 12 से 2 बजे तक जिला रायपुर के प्रयास विद्यालयों में आयोजित किया गया है।

### साधारण सभा की बैठक 26 को

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव की साधारण सभा की बैठक 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### आज क्रिसमस मिलन का आयोजन

**राजनांदगांव।** वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव में कल 25 दिसंबर को संध्या 6 से 11 बजे तक नगरवासियों के लिए ख्रीष्ट जयंती पर्व में क्रिसमस मिलन का भव्य आयोजन किया गया है। यह जानकारी वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह. डॉ. सुमन लाल ने दी।

### बोदेला में आज आध्यात्मिक दिव्य सत्संग समारोह

**राजनांदगांव।** तुमडीबोड समीपस्थ ग्राम बोदेला में कल 25 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से आध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन गुलाब वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी के निज निवास ग्राम बोदेला पर रखा गया है। इस अवसर पर प्रवचनकर्ता परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग से अपने संत मंडली के साथ पधारेंगे। यह जानकारी सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण : नाम कटे तो करें आपत्ति, नए मतदाता भरें फॉर्म-6

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी रफ्तार में शुरू हो गई है। प्रारूप निर्वाचन नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर दावा–आपत्ति लेने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। जिन पात्र नागरिकों के नाम प्रारंभिक सूची में कट गए हैं या छूट गए हैं, वे निर्धारित अवधि में आपत्ति दर्ज कर सुधार करा सकते हैं। वहीं 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा सकते हैं। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तीकरण के बाद जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों—68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़—में 135 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अब साजा में 338, बेमेतरा में 309 और नवागढ़ में 358 मतदान केंद्र हो गए हैं। कुल मिलाकर जिले में 1005 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 136 केंद्र दुर्ग जिले की धमधा तहसील में सम्मिलित हैं, जिनमें साजा के 112 और बेमेतरा के 24 केंद्र शामिल हैं।

तीनों विधानसभा क्षेत्रों से 85,121 गणना पत्रक प्राप्त नहीं हुए। इनमें मृतः 19,929 स्थायी रूप से स्थानांतरितः 46, 749,अनुपस्थितः 9,805, डुप्लीकेटः 8,352 अन्यः 286 इनकी सूचियां बीएलओ और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए के साथ साझा की जा चुकी हैं। साथ ही यह सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ एवं जिला वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, ताकि नागरिक समय रहते दावा–आपत्ति दर्ज करा सकें।

## 135 नए मतदान केंद्र बने, प्रारूप सूची जारी

### प्रारूप सूची जारी, ऑनलाइन देखें नाम

निर्वाचन आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर राजनीतिक दलों को हार्ड व सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता अपना नाम पर लॉगिन कर देख सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए भी आवेदन व स्थिति की जांच संभव है। विशेष गहन पुनरीक्षण के गणना चरण में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के 870 मतदान केंद्रों पर 8,01,756 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किए गए। वर्ष 2003 की मतदाता सूची के आधार पर—ए श्रेणीः 2,70,230 बी श्रेणीः 4,34,066 ,सी श्रेणी (मिलान नहीं): 12,339 इस तरह प्रारूप सूची में 7,16,635 मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए गए हैं।

### सी श्रेणी के मतदाताओं को नोटिस

सी श्रेणी में आए 12,339 मतदाताओं को ईआरओ द्वारा नोटिस जारी किए जाएंगे। उनसे आयोग द्वारा चिन्हित 13 वैध दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करने को कहा जाएगा, ताकि उनका नाम सूची में बरकरार रखा जा सके। आवेदन के तरीके मतदाता बीएलओ/अभिहित अधिकारी से संपर्क कर या ऑनलाइन माध्यम से नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6, सुधार/आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप भर सकते हैं। निर्वाचन प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर प्रारूप सूची का अवलोकन करें, नाम कटने की स्थिति में तुरंत आपत्ति दर्ज कराएं और नए मतदाता फॉर्म-6 भरकर अपने मताधिकार को सुनिश्चित करें।

## ग्राम एवं सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों की दी जानकारी

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर विभिन्न स्थानों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिता कोशिमा रावटे के दिशानिर्देश में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं सार्वजनिक स्थलों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में सेवा सहकारी समिति (धान उपज मंडी) ग्राम बालसमुंद, ग्राम कुसमी एवं धान उपज मंडी कुसमी, शासकीय उचित मूल्य दुकान आंदू तथा ग्राम पंचायत परसबोड़ (विकासखंड साजा) में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित लोगों को अधिकार मित्र पवन कुमार साहू द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को प्रतिस्थापित कर 2019 में नया अधिनियम लागू किया गया है, जो वर्तमान समय में उपभोक्ताओं को अधिक प्रभावी संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत वे सभी व्यक्ति उपभोक्ता की श्रेणी में आते हैं, जो किसी भी प्रकार से वस्तु खरीदते हैं या सेवाएं प्राप्त करते हैं—चाहे वह ऑनलाइन, ऑफलाइन, ई-कॉमर्स, टेलीशॉपिंग, मल्टी लेवल मार्केटिंग अथवा प्रत्यक्ष लेन-देन के माध्यम से हो।

### उपभोक्ताओं को उनके प्रमुख अधिकारों की दी गई जानकारी

शिविर में उपभोक्ताओं को उनके प्रमुख अधिकारों में सूचना का अधिकार,संरक्षण का अधिकार,विकल्प चुनने का अधिकार,सुनवाई का अधिकार,उपभोक्ता जागरूकता का अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध, दोषी पाए जाने पर जुर्माने का प्रावधान, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एवं उपभोक्ता फोरम द्वारा पारित आदेशों की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाना, उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक परामर्श एवं लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा की जानकारी देना रहा।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर टुवेन्द्र वर्मा, देवेन्द्र यादव, चेतन सिंह, पंकज घृतलहरे, तरुण आनंद, धरमू बारले, स्वाति कुंजाम, नागेश सिन्हा सहित अन्य अधिकार मित्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# धान खरीदी : टोकन नहीं कटने से बारगांव के किसान हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेतला

ब्लॉक के सेवा सहकारी समिति बारगांव में 23 दिसंबर तक धान खरीदी मात्र 34 प्रतिशत ही हो पाई है। अभी 65 प्रतिशत धान किसानों से खरीदना बाकी है। पिछले वर्ष प्रतिदिन 2500 से 3 हजार क्विंटल धान खरीदी होती थी। वही इस वर्ष मात्र 1600 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है।

- सिर्फ 16 सौ क्विंटल के लिए कट रहा टोकन, 65 फीसदी किसान अभी तक नही बेच पाए हैं धान : किसान

किसानों में टोकन नहीं कटने व लिमिट नहीं बढ़ाने से भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि धान मंडियों में रोज 16 सौ क्विंटल की धान खरीदी के लिए टोकन काटे जा रहे हैं जो कि बहुत कम है। वहीं पिछले वर्ष हर दिन 3 हजार क्विंटल धान खरीदी के लिए टोकन काटे जा रहे थे। इस साल धान खरीदी में अव्यवस्था के कारण 23 दिसंबर तक 65 फीसदी किसान अपना धान नहीं बेच पाए हैं। वहीं दूसरी तरफ मोबाइल एप्प के जरिये टोकन काटने के लिए रात 12 बजे तक जागना पड़ रहा है। फिर भी किसान अपना टोकन नहीं काट पा रहे हैं। किसान प्रतिदिन धान खरीदी केंद्र व च्वाइस सेंटर में टोकन कटाने चक्कर लगा रहे हैं। उसके बावजूद टोकन नहीं कट रहा है। बलौदी के किसान रमेश साहू का कहना है कि, अगर धान खरीदी की लिमिट में सुधार नहीं होता है तो वो धरना देने पर मजबूर हो जायेगें। सबसे बड़ी दिक्कत ऑनलाइन टोकन का है।

### 34 हजार धान खरीदी में अभी तक हुआ है परिवहन मात्र 6 हजार 420 क्विंटल

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव पं.क. 382 उपार्जन केन्द्र बारगांव मे 23 दिसंबर तक 34 हजार धान खरीदी में मात्र 6420 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। समिति प्रबंधक अनिल यादव ने बताया कि 23 दिसंबर तक कुल 34 हजार क्विं. धान की खरीदी किया जा चुका है। परंतु अभी तक मात्रा 6 हजार क्विं. धान का परिवहन किया गया।

## चार साहिबज़ादों की शहादत सप्ताह पर गरम दूध का लंगर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरु गोबिंद सिंह चौक में सिख समाज एवं समूह साध संगत द्वारा चार साहिबज़ादों की शहादत सप्ताह के अवसर पर गरम दूध का लंगर आयोजित कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

यह लंगर न केवल सेवा और करुणा का प्रतीक रहा, बल्कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों द्वारा धर्म और राष्ट्र की रक्षा में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि भी था। कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में सैकड़ों नागरिकों ने गरम दूध का प्रसाद ग्रहण किया। लंगर के दौरान सेवादारों ने सरहिंद की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए उस अमर गाथा को साझा किया, जब मोतीराम मेहरा ने अत्याचार के दौर में साहिबज़ादों को ठंड से बचाने हेतु दूध पिलाने के लिए अपना सर्वस्व त्याग दिया। यह कथा उपस्थित नागरिकों को भावविभोर कर गई। शहादत सप्ताह के इस सेवा आयोजन में सिख समाज के वरिष्ठ सदस्य हरजीत सिंह खनूजा, इंदर सिंह दत्ता, जगजीत सिंह पप्पी अजमानी, प्रीतम हुरा, वरिंदर सिंह सलूजा, हरभजन सिंह खनूजा, राम छाबड़ा, हरदीप सिंह राजा छाबड़ा, राहुल खनूजा, यश सिंह सलूजा, सौरभ सलूजा, भवदीप सिंह हुरा, राजा सचदेव, मंजीत अजमानी सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 22 दिसंबर 1704 को चमकौर के युद्ध में साहिबज़ादे अजीत सिंह और जुझार सिंह ने वीरगति प्राप्त की, वहीं 27 दिसंबर 1704 को सरहिंद में साहिबज़ादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। चार साहिबज़ादों का यह बलिदान आज भी मानवता, साहस और धर्मनिष्ठा की प्रेरणा बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि चार साहिबज़ादों की शहादत की स्मृति में यह लंगर सेवा प्रतिवर्ष देश-विदेश में सिख समाज द्वारा आयोजित की जाती है, जिससे सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुँचता है।

## जिला स्तरीय महिला खेल कूद प्रतियोगिता में बारगांव विद्यालय हॉकी खेल में रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में आयोजित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के बालिकाओं ने हॉकी खेल में अपने चिर परिचित खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया । उल्लेखनीय है कि विद्यालय के बालिकाओं का विजयी सफर की शुरुआत विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में अपने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल कर हुआ,जिला स्तर पर चयन होकर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बालिकाओं ने हॉकी खेल में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विजेता खिताब अपने नाम कर निर्णायकगणों एवं दर्शकों का सराहना प्राप्त किया।

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया

इस अवसर पर व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने विद्यालय की बालिकाओं की इस विजयी उपबल्धि पर उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महिला सशक्तिकरण,खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है,ऐसे आयोजन विभिन्न खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देते हैं और उनकी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं,इससे महिलाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना,ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को समान अवसर देना और खेल के माध्यम से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है,विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंग ने बालिकाओं की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ–साथ खेल के क्षेत्र में नई कीर्तमान स्थापित कर विद्यालय का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा रहे हैं सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं ने छात्राओं की सफलता पर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कमाना की।

* **राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मैनुअल स्क्वैंजर अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति के क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई।

## हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा गुरू घासीदास जयंती

**गंडई पंडरिया।** स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में सत्य और अहिंसा के प्रतीक एवं महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा जी के उपदेश और उनके द्वारा दिया गया समानता का सिद्धांत आज के दौर में समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सादगी और भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# कलेक्टर प्रतिष्ठा ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला अस्पताल बेमेतरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न शाखाओं एवं वार्डों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी वार्ड, महिला एवं प्रसूति वार्ड, शिशु वार्ड, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष एवं अन्य विभागों का निरीक्षण किया।

- मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री ममगाई ने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के व्यवहार तथा अस्पताल की साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से उपचार की गुणवत्ता और समय पर सेवाएं मिलने के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि अस्पताल में आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर, वार्ड, शौचालय, प्रतीक्षालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में नियमित एवं सतत साफ-सफाई बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार रवैया अपनाने, समय पर उपचार, जांच एवं दवा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल आम नागरिकों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, अतः यहां की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं मरीज-केंद्रित होनी चाहिए। इस अवसर पर अस्पताल के संबंधित चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### एटीएम काटकर ...

गेम खेलने का आदी था, जिसमें करीब तीन लाख रुपये हार गया। कर्ज चुकाने के लिए उसने एटीएम मशीन तोड़कर पैसे निकालने की साजिश रची। आरोपी रात के समय चेहरे को गमछे से ढंककर मोटरसाइकिल से वारदात करने पहुंचता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहे का सब्बल, छड़ काटने की ग्राइंडर मशीन, गैस कटर, वेल्डिंग मशीन, मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-10-ई एफ 4205 को जब्त किया है।

आरोपी न्यायिक रिमांड परः आरोपी पुखराज साहू पिता गोपी राम साहू (21 वर्ष), निवासी ग्राम खाम्ही, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा को 23 दिसंबर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी दाढ़ी निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे, थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव सहित प्रधान आरक्षक योगेश यादव, अजय बंजारे, आरक्षक नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, जयकिशन साहू, खुशाल बोरकर, संतोष धीवर एवं अन्य पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डेढ़ साल से ...

मोहरेंगा स्थित खसरा नंबर 767 एवं 544, कुल रकबा 7.16 हेक्टेयर भूमि को विवाद रहित बताकर सौदा किया और नगद व चेक के माध्यम से 1 करोड़ 96 लाख 90 हजार रुपये की राशि प्राप्त की। तीनों मामलों में पीड़ितों द्वारा जब खरीदी गई भूमि पर कब्जा लेने का प्रयास किया गया, तब यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित भूमि पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद पीड़ितों ने स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पुलिस का दरवाजा खटखटाया। इन तीनों शिकायतों को जोड़ने पर आरोपी द्वारा की गई ठगी की रकम करीब तीन करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है, जिसे लेकर पुलिस अब मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि इस पूरे फर्जीवाड़े में आरोपी के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे।

**फरार रहा, फिर भी दिखाता रहा 'पावर' — अखबारों में छपते रहे विज्ञापनः** जांच में सामने आया है कि करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामलों में नामजद आरोपी आशुतोष पाण्डेय डेढ़ वर्ष तक पुलिस की पकड़ से बाहर रहा, लेकिन इस दौरान वह पूरी तरह अंडरग्राउंड नहीं था। उलटे, वह खुद को एक प्रमुख राजनीतिक दल से जुड़ा प्रभावशाली व्यक्ति बताकर खुलेआम सामाजिक और कारोबारी गतिविधियों में सक्रिय बना रहा। सूत्रों के अनुसार, फरारी के दौरान आरोपी ने अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन प्रकाशित कराए, जिससे आम लोगों और पीड़ितों के बीच यह संदेश गया कि वह एक रसूखदार और सुरक्षित व्यक्ति है।

यही नहीं, राजनीतिक पहचान और प्रचार के दम पर आरोपी ने खुद को कानून की पहुंच से बाहर दिखाने की कोशिश की। पुलिस रिकॉर्ड में जहां आरोपी फरार दर्ज था, वहीं दूसरी ओर वह प्रचार, संपर्क और प्रभाव के जरिए अपनी छवि मजबूत करने में जुटा रहा। जांच एजेंसियां अब यह भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या इस दौरान आरोपी को किसी स्तर पर राजनीतिक संरक्षण, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का सहारा, या सूचना तंत्र की कमजोरी का लाभ मिला। क्राइम एक्सपर्ट्स का मानना है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक पहचान का दिखावा लोगों के भरोसे को तोड़ने का सबसे बड़ा हथियार बन जाता है। पीड़ितों को लगता है कि व्यक्ति प्रभावशाली है, इसलिए सौदे सुरक्षित होंगे और यहीं से ठगी का रास्ता खुलता है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाः** इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, आरक्षक इंद्रजीत पाण्डेय, पुरुषोत्तम कुंभकार, राहुल यादव, खुशाल बोरकर सहित सिटी कोतवाली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 46 कट्टी धान चोरी ...

दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रेम उर्फ प्रेमु साहू, राकेश साहू एवं दो अन्य से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम उमरावनगर से सिंधौरी मार्ग के किनारे छिपाकर रखी गई 31 कट्टी धान, जिसकी कीमत लगभग 38,800 रुपये है, बरामद की गई। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी-25-1016, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई गई है, को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। मामले में एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।पुलिस ने आरोपी प्रेम उर्फ प्रेमु साहू (19 वर्ष) एवं राकेश साहू (19 वर्ष) दोनों निवासी ग्राम उमरावनगर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया। वहीं, दो विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

**इनकी भूमिका रही अहमः** इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सहायक उप निरीक्षक कृष्णा क्षत्रिय, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक सौरभ सिंह, बलदेव निषाद, लोकेश सिंह, अशरफी खान सहित थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कबीर संत समागम 27 और 28 को

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में कबीर पंथी समाज, नवयुवक मंडल, अमीन माता महिला मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय कबीर संत समागम समारोह का आयोजन 27 एवं 28 दिसम्बर को किया गया है। पहले दिन 27 दिसंबर को प्रातः 7 बजे गुरु महिमा पाठ, भजन सत्संग, दोपहर 1 बजे से सुलक्षणा माता साहिबा दामाखेड़ा के आशीर्वाद वचन एवं सामूहिक भेट बंदगी, 28 दिसम्बर को सुबह गुरु महिमा पाठ, भजन सत्संग एवं प्रवचन, शाम 4 बजे चौका आरती का कार्यक्रम होगा। आयोजक समिति ने लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### अग्रवाल समाज की वेबसाइट शीघ्र

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वेबसाइट बहुत जल्द जारी की जाएगी। इस वेबसाइट के माध्यम से समाज के लोगों को एक साझा डिजिटल मंच उपलब्ध कराया जाएगा। वेबसाइट लॉच के साथ ही सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाएगा, जिसमें सदस्य बनने के लिए मात्र 100 शुल्क रखा गया है। महिलाओं को भी सदस्य बनने का अवसर दिया जाएगा।

## निधन

### हरदेव प्रसाद मिश्रा

**नवागढ़।** नवागढ़ निवासी हरदेव प्रसाद मिश्रा (पिता स्व. गेंदलाल



मिश्रा) का बुधवार की सुबह 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दिवंगत का अंतिम संस्कार विधि-विधान के साथ स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र राजेंद्र मिश्रा, विनोद मिश्रा, कृष्णाकुमार (भोलू) मिश्रा एवं बबला मिश्रा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे शुभम् दुबे के नाना थे।

### भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

# कलेक्टर ने नवागढ़ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गुरु घासीदास जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ जनपद मुख्यालय में 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंथी नृत्य एवं गुरु घासीदास जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय स्वरूप देने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नवागढ़ में आयोजित यह राज्य स्तरीय महोत्सव जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह आयोजन न केवल सतनाम पंथ और गुरु घासीदास बाबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है, बल्कि जिले की सांस्कृतिक पहचान को भी राज्य स्तर पर स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में प्रदेशभर से सतनाम समाज के अनुयायी, पंथी नृत्य



दल, सामाजिक प्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे, ऐसे में व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

### समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों को सौंपे गए दायित्वों का प्राथमिकता के साथ निर्वहन करें। कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, प्रकाश, ध्वनि प्रणाली, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पूर्ण किए गए विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। इसके लिए सभी विभागों को अपने-अपने अंतर्गत पूर्ण एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची तैयार कर आवश्यक तैयारी समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पात्र हितग्राहियों को किया जाएगा लाभान्वित

कलेक्टर ने यह भी कहा कि इस राज्य स्तरीय आयोजन के अवसर पर विभिन्न विभागों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग समय-सीमा में लाभ वितरण की कार्ययोजना तैयार कर समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कार्य करने, नियमित निरीक्षण करने तथा किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी जिला प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के सामूहिक प्रयास से नवागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय गुरु घासीदास जयंती महोत्सव ऐतिहासिक, सफल एवं यादगार सिद्ध होगा।

# भिलाई के निजीकरण के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा बसाए गए भिलाई शहर को निजीकरण से बचाने की मांग को लेकर जिला युवा कांग्रेस बेमेतरा ने बुधवार को पुराना बस स्टैंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के साथ प्रदर्शन में ललित विश्वकर्मा , रश्मि फरेंद्र मिश्रा , रीता पांडेय , शकुंतला मंगत साहू , नवीन ताम्रकार , सुमन गोस्वामी , वैभव मिश्रा , प्रकाश ठाकुर , विवेक ठाकुर , तामेश्वर साहू , गोलू टंडन , अजय राज सेन , अतुल साहू , राजू साहू , वतन मिश्रा , ऋत्विक तिवारी , प्रिंस डेहरे , प्रतीक दुबे , आशीष तिवारी , राहुल जोशी , यासिफ ख़ान , डिसेंट सिन्हा , जयंत , उत्पल गायकवर्ड , जानू, खोमन, सूरज ठाकुर , कौनेंन अली, शुभ , रघुवेंद्र मनु , उमेंद्र जोशी , कबीर वर्मा , प्रज्वल वर्मा साथ ही बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकारी उपक्रमों के निजीकरण का विरोध किया।

### निजी हाथों में टेंडर जारी किया जाना जनविरोधी कदमः तिवारी

युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भिलाई के सरकारी स्कूलों एवं मैत्री बाग को निजी हाथों में देने के लिए टेंडर जारी किया जाना जनविरोधी कदम है। यदि यही नीति जारी रही तो छत्तीसगढ़ की अन्य सार्वजनिक संपत्तियां भी निजीकरण की भेंट चढ़ जाएंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निजीकरण की नीति वापस नहीं ली तो युवा कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### खैरबना मंडई 26 को

**टाटेकसा।** ग्राम खैरबना में 26 दिसम्बर को मेला मंडई का आयोजन रखा गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में मया पीरित के छांव नाच पार्टी केसों खैरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पामेश्वर धनकर, पुनुराम ने दी।

# सुशासन सप्ताह के तहत बेरला में प्रशासन गांव की ओर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला के गौठान मैदान में एक महत्वपूर्ण बहुद्देशीय जनसेवा एवं जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना रहा।

- गौठान मैदान में लगा बहुद्देशीय जनसमस्या समाधान शिविर



शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों की सहभागिता रही, जिन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याएँ एवं आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा पृथक-पृथक स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों पर मौके पर ही कार्यवाही की गई।

कई प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया गया, वहीं शेष मामलों को समय-सीमा में समाधान हेतु संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न पेंशन योजनाएँ, किसान कल्याण योजनाएँ, स्वास्थ्य बीमा, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राज.) सुश्री दीप्ति वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन सप्ताह का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गाँव में ही किया जा रहा है, जिससे समय एवं संसाधनों की बचत के साथ-साथ प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हो रहा है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित यह शिविर प्रशासन की जनहितैषी सोच, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्वपूर्ण शासन व्यवस्था का सशक्त उदाहरण रहा, जिससे ग्रामीण नागरिकों में संतोष एवं विश्वास का सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ।








